भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

18.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4324 का उत्तर

पालम और शाहबाद रेल फाटक पर अंडरपास

4324. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली-रेवाड़ी खंड के अंतर्गत पालम रेल फाटक तथा शाहबाद रेल फाटक पर अंडरपास के निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त निर्माण कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है; और

(ग) वहाँ अंडरपास के निर्माण के लिए सरकार द्वारा औसतन कितना समय लिया जाता है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल में समपार के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण को स्वीकृति देना एक सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है और कार्यों को रेलगाड़ी परिचालन में संरक्षा, गाड़ियों की गतिशीलता एवं सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाला प्रभाव और व्यवहार्यता आदि पर इसके प्रभाव के आधार पर शुरू किया जाता है।

वर्ष 2004-14 की अवधि की तुलना में 2014-26 (जनवरी, 2026 तक) के दौरान भारतीय रेल में निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (जनवरी, 2026)	14,024 अदद (दिल्ली राज्य में 14 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों सहित)

01.02.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में 1,14,196 करोड़ रुपए की लागत से 4802 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण-कार्यों को स्वीकृत किया गया है जिसमें

दिल्ली राज्य में 719 करोड़ रुपए की लागत से 19 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण-कार्य शामिल हैं जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

दिल्ली-रेवाड़ी रेल खंड पर किमी 18/0-1 पर समपार सं. 15 (पालम रेलवे क्रॉसिंग) के स्थान पर निचले सड़क पुल के निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई है। सामान्य व्यवस्था आरेख को अनुमोदित कर दिया गया है। इस कार्य के लिए संविदा प्रदान कर दी गई है। उपयोगिताओं को स्थानांतरित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

दिल्ली-रेवाड़ी रेल खंड पर किमी 20/9-21/0 पर समपार सं.17 (शाहबाद रेलवे क्रॉसिंग) के स्थान पर निचले सड़क पुल के निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई है। सामान्य व्यवस्था आरेख को अनुमोदित कर दिया गया है। इस कार्य के लिए संविदा प्रदान कर दी गई है। निचले सड़क पुल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

ऊपरी/निचले सड़क पुल संबंधी कार्यों का पूरा होना और चालू होना समपार को बंद करने में राज्य सरकार की सहमति, पहुँच संरेखण को अंतिम रूप देने, सामान्य आरेखण व्यवस्था की स्वीकृति, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, बाधक जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, जलवायु परिस्थितियों के कारण परियोजना विशेष/कार्य स्थलों के लिए वर्ष में कार्य महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं/कार्यों के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

*****